विधान परिषद् के द्वितीय सत्र, 2024 के प्रथम शुक्रवार के लिए निर्धारित डॉ0 मान सिंह यादव, मा0 सदस्य, विधान परिषद् द्वारा पूछे गये अतारांकित प्रश्न संख्या-24 का उत्तर।

| प्रश्न | उत्तर |
| --- | --- |
| 24 (क) क्या उप मुख्य मंत्री (ग्राम्य विकास) बतायेंगे कि ग्राम पंचायत-मुलुक-गड़ार, वि0ख0-बिछिया, तह0 व जिला-उन्नाव में बारातघर/धर्मशाला न होने के कारण ग्रामवासियों को भारी असुविधा होती है? | ग्राम्य विकास विभाग में सामुदायिक विकास योजना अन्तर्गत जिला मुख्यालय पर विकास भवनों एवं विकास खण्ड स्तर पर विकास खण्डों के आवासीय तथा अनावासीय भवनों का निर्माण कार्य कराया जाता है। उक्त के अतिरिक्त मनरेगा योजना केन्द्र पुरोनिधानित है, जिसमें ग्रामीण विकास मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा समय-समय पर निर्गत दिशा-निर्देश के अनुसार कार्य कराये जाते हैं। मनरेगा योजना के अन्तर्गत अनुमन्य 266 प्रकार के कार्यों में भी बारातघर निर्माण का कार्य अनुमन्य नहीं है। इस प्रकार ग्राम्य विकास विभाग के स्तर से संचालित की जा रही योजनाओं में बारात घर का निर्माण कार्य सम्मिलित न होने के कारण जनपद-उन्नाव के अन्तर्गत ग्राम पंचायत-मुलुक-गड़ार, विकास खण्ड-बिछिया में बारातघर/ धर्मशाला का निर्माण कार्य ग्राम्य विकास विभाग से आच्छादित नहीं है। |
| (ख) यदि हाँ, तो उक्त ग्राम में एक बारातघर/धर्मशाला का निर्माण करायेंगे? | उपरोक्तानुसार। |
| (ग) यदि हाँ, तो कब तक? | प्रश्न नहीं उठता। |
| (घ) यदि नहीं, तो क्यों? | प्रश्न नहीं उठता। |

केशव प्रसाद मौर्य
उप मुख्यमंत्री।